# शिक्षा, निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न पत्र

## कक्षा-8

## विषय-हिंदी

| अधिकतम अंक - 60 | | अवधि - 2 घंटे 30 मिनट |
|---|---|---|
| **प्रश्न संख्या** | **विवरण** | **अंक** |
| | **सामान्य निर्देश :-**<br>**1. प्रश्न पत्र दो खंडों, खंड 'क' और 'ख' में है ।**<br>**2. खंड 'क' में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमे से केवल  प्रश्नों के ही उत्तर देने हैं ।**<br>**3. खंड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।**<br>**4. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**<br>5. **यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए ।** | |
| | **खंड - क**<br>**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| **प्रश्न सं 1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>दादी माँ को गँवई - गाँव की पचासों किस्म की दवाओं के नाम याद थे । गाँव में कोई बीमार होता, उसके पास पहुँचती और वहाँ भी वही काम । हाथ छूना, माथा छूना, पेट छूना । फिर भूत से लेकर मलेरिया , सरसाम , निमोनिया तक का अनुमान विश्वास के साथ सुनातीं । महामारी और विशूचिका के दिनों में रोज सवेरे उठकर स्नान के बाद लवंग और गुड़ - मिश्रित जलधार, गुग्गल और धूप । सफ़ाई कोई उनसे सीख ले । दवा में देर होती, मिश्री या शहद खत्म हो जाता, चादर या गिलाफ़ नहीं बदले जाते, तो वे जैसे पागल हो जातीं । बुखार तो मुझे अब भी आता है । नौकर पानी दे जाता है, मेस - महाराज अपने मन से पकाकर खिचड़ी या साबू । | **2x2=4** |
| | (i) दादी माँ कितने प्रकार की दवाओं के नाम जानती थीं ?<br>(क) दसों दवाओं का<br>(ख) बीसों दवाओं का<br>(ग) तीसों दवाओं का<br>(घ) पचासों दवाओं का<br>(ii) मेस-महाराज अपने मन से क्या पकाकर दे जाते हैं ? | |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) खिचड़ी या साबू<br>(ख) दलिया<br>(ग) काढ़ा<br>(घ) पोहा | |
| **प्रश्न सं 2.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>हम पंछी उन्मुक्त गगन के<br>पिंजरबद्ध न रह पाएंगे।<br>कनक तीलियों से टकराकर<br>मुलकित पंख टूट जाएँगे।<br>हम बहता जल पीनेवाले मर जाएँगे भूखे - प्यासे ..<br>कहाँ भली है कटुक निबौरी ,<br>कनक - कटोरी को मैदा से ।<br>(i) पिंजरबद्ध होकर कौन नहीं रह पाएगा?<br>(क) हाथी<br>(ख) घोड़ा<br>(ग) नेवला<br>(घ) पंछी<br>(ii ) कनक तीलियों से टकराकर क्या टूट जाएंगे?<br>(क) पैर<br>(ख) चोंच<br>(ग) पंख<br>(घ) गला | **2x2=4** |
| **प्रश्न सं 3.** | **निम्नलिखित व्याकरण के प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) निम्नलिखित में से सर्वनाम पहचानिए -<br>(क) हमलोग<br>(ख) दिल्ली<br>(ग) धीरे-धीरे<br>(घ) मोटा<br>(ii) निम्नलिखित में से 'बालिका' शब्द का पुल्लिंग शब्द पहचानिए -<br>(क) पौरुष<br>(ख) बालक<br>(ग) पुरुषार्थ<br>(घ) परमार्थ<br>(iii) 'मोर' का स्त्रीलिंग रूप पहचानिए - | **4x1=4** |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) मोरनी<br>(ख) लोमड़ी<br>(ग) शेरनी<br>(घ) हिरणी<br>(iv) सुनीता अच्छी लड़की है, वाक्य में विशेषण की पहचान कीजिए -<br>(क) सुनीता<br>(ख) अच्छी<br>(ग) लड़की<br>(घ) है | |
| **प्रश्न सं 4.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>सारे गाँव में बदलू मुझे सबसे अच्छा आदमी लगता था क्योंकि वह मुझे सुंदर - सुंदर लाख की गोलियाँ बनाकर देता था। मुझे अपने मामा के गाँव जाने का सबसे बड़ा चाव यही था कि जब मैं वहाँ से लौटता था तो मेरे पास ढेर सारी गोलियाँ होतीं , रंग - बिरंगी गोलियाँ जो किसी भी बच्चे का मन मोह लें वैसे तो मेरे मामा के गाँव का होने के कारण मुझे बदलू को ' बदलू मामा ' कहना चाहिए था परंतु मैं उसे ' बदलू मामा ' न कहकर बदलू काका कहा करता था” | **4x1=4** |
| | (i) गाँव में लेखक को कौन सबसे अच्छा लगता था?<br>(क) रज्जो<br>(ख) मशीन<br>(ग) बदलू<br>(घ) चूड़ी<br>(ii) बदलू लेखक को क्या देता था ?<br>(क) लाख की गोलियाँ<br>(ख) कांच की गोलियाँ<br>(ग) मिट्टी की गोलियाँ<br>(घ) आटे की गोलियाँ<br>(iii) लेखक किसके गाँव जाया करता था ?<br>(क) अपने मामा के<br>(ख) अपने दादा के<br>(ग) अपने दादी के<br>(घ) अपने<br>(iv) लेखक बदलू को क्या कहा करता था ? | |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) बदलू मामा<br>(ख) बदलू भैया<br>(ग) बदलू चाचा<br>(घ) बदलू काका | |
| **प्रश्न सं 5.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>पक्षी और बादल, ये भगवान के डाकिए हैं,<br>जो एक महादेश से दूसरे महादेश को जाते हैं।<br>हम तो समझ नहीं पाते हैं मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ<br>पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं।<br><br>(i) कवि ने 'भगवान के डाकिए' किसे कहा है ?<br>(क) घोड़ा को<br>(ख) हाथी को<br>(ग) बंदर को<br>(घ) पक्षी और बादल को<br>(ii) पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ क्या बाँचते हैं?<br>(क) चिट्ठियाँ<br>(ख) कितबें<br>(ग) अखबार<br>(घ) कविता<br>(iii) एक महादेश से दूसरे महादेश को कौन जाते हैं?<br>(क) आदमी<br>(ख) भगवान के डाकिए<br>(ग) पानी<br>(घ) पंखा<br>(iv) भगवान के डाकिए की लाई चिट्ठियाँ कौन बाँचता है?<br>(क) कोयल<br>(ख) कौआ<br>(ग) मृग<br>(घ) पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ | **4x1=4** |
| **प्रश्न सं 6.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** | **2x1=2** |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) 'बस की यात्रा' पाठ के लेखक कौन है ?<br>(क) केदारनाथ अग्रवाल<br>(ख) प्रेमचंद<br>(ग) हरिशंकर परसाई<br>(घ) सुमित्रानंदन पंत<br>(ii) कितने मित्र बस की यात्रा पर चले?<br>(क) दो<br>(ख) तीन<br>(ग) चार<br>(घ) पाँच | |
| **प्रश्न सं 7.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) 'भगवान के डाकिए' कविता के रचयिता का नाम बताइए-<br>(क) कृष्णा सोबती<br>(ख) प्रेमचंद<br>(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर'<br>(घ) गुणाकर मूले<br>(ii) बस कहाँ से कहाँ जा रही थी?<br>(क) झांसी से ग्वालियर<br>(ख) ग्वालियर से भोपाल<br>(ग) पन्ना से सतना<br>(घ) खजुराहो से ओरछा | **2x1=2** |
| | **खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| **प्रश्न सं 8** | **निम्नलिखित व्याकरण के प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) 'उन्नति' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।<br>(ii) 'अध्यापक' शब्द का स्त्रीलिंग लिखिए ।<br>(iii) 'लड़की' शब्द का बहुवचन लिखिए ।<br>(iv) 'हथिनी' शब्द का पुल्लिंग लिखिए \| | **4x1=4** |
| **प्रश्न सं 9** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता के रचयिता का नाम बताइए?<br>(ii) एक देश की धरती दूसरे देश को क्या भेजती है?<br>(iii) भाप दूसरे देश में क्या बनकर गिरता है? | **4x1=4** |

| | | |
|---|---|---|
| | (iv) बस किस योग्य थी ? | |
| **प्रश्न सं 10** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>(i) चिड़िया अपने चोंच में क्या दबाए है ?<br>(ii) किसके डूबने का वक्त हो गया है ?<br>(iii) चिड़िया किस तैयारी में है ?<br>(iv) भगवान के डाकिए कहाँ-कहाँ जा सकते हैं? | **4x1=4** |
| **प्रश्न सं 11** | **निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -**<br>(i) बस को देख कर श्रद्धा क्यों उमड़ पड़ी?<br>(ii) बस में छोड़ने आए लोग कैसे देख रहे थे?<br>(iii) लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ राहा था?<br>(iv) लोगों ने यह सलाह क्यों दी कि समझदार लोग इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते? | **4x2=8** |
| **प्रश्न सं 12** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -**<br>(i) डाकिया क्या-क्या काम करता है?<br>(ii) बदलू के दिल में क्या व्यथा थी?<br>(iii) आपको छुट्टियों मे किसके घर जाना सबसे अच्छा लगता है ? क्यों? | **3x2=6** |
| **प्रश्न सं 13** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -**<br>(क) मेरा सबसे प्यारा त्योहार<br>(ख) विज्ञान के चमत्कार<br>(ग) आजादी का अमृत महोत्सव | **1x5=5** |
| **प्रश्न सं 14** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए -**<br>फीस माफी हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।<br>अथवा<br>मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखिये । | **1x5=5** |